ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 01.03.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 01.03.2021 को नगर के जोन संख्या– 04 नवादा इन्देपुर क्षेत्र में वॉक–टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम से सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया गया कैंप।**

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 01.03.2021 को नगर के जोन–4 नवादा इन्देपुर क्षेत्र में **वॉक–टॉक एवं रिजाल्व के अन्तर्गत** नगर निगम से सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु कैंप आयोजित किया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आयोजित कैंप में नगर निगम के समस्त विभागों–स्वास्थ्य विभाग,निर्माण विभाग,जलकल विभाग,पथ प्रकाश एवं कर निर्धारण विभाग के इंस्पेक्टर एवं अवर अभिंयता तक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर वॉक–टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसके दृष्टिगत नगर क्षेत्र में आयोजित कैंप का सहायक आयुक्त महोदय श्री अंगद गुप्ता जी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रवासियों से वार्ता कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं की जानकारी की गई तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त समस्याओं को तत्काल रुप से निस्तारित किये जाने हेतु सबंन्धितो को निर्देशित किया गया। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लाईट खराब पाये जाने पर सहायक आयुक्त महोदय ने अपनी उपस्थिति में लाईट को ठीक कराया। आयोजित कैंप में श्री अगंद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0 गौतम,अवर अभिंयता निर्माण श्री मनोज कुमार यादव,सहायक अभियंता जलकल श्री उमेश कुमार, राजस्व निरीक्षक ,श्री तुषार त्रिव्रदी, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा नवादा इन्देपुर क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 की क्षेत्रवासियों को जानकारी देने के उद्देश्य से एवं स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में लोगो की अधिक से अधिक भागीदारी कराये जाने हेतु कैनोपी लगाई गई। जिसमें क्षेत्रवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के बारे में जन–सामान्य को जागरुक किया गया एवं लगभग 50 लोगो द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर वोटिंग की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।